

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**अल्मोड़ा पहुंचीं उर्वशी रौतेला**


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 45 | अंक : 193 | रविवार 26 अक्टूबर 2025 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. | Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# पानी की किल्लत पर नागरिकों में आक्रोश



- उल्हासनगर में बनाई गई काली रंगोली
- विरोधस्वरूप घरों के बाहर रखे खाली बर्तन

**उल्हासनगर.** दिवाली के त्यौहार पर उल्हासनगर की महिलाओं को एक बर्तन पानी के लिए भटकना पड़ा। कैंप क्रमांक 5 के वीर तानाजी नगर इलाके में पिछले कई सालों से चली आ रही पानी की किल्लत आखिरकार नागरिकों के धैर्य का बांध तोड़ गई। दिवाली के दौरान, निवासियों ने काली रंगोली बनाई और अपने घरों के बाहर खाली बर्तन रखे, ताकि नगर निगम के जल आपूर्ति विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जा सके।

उल्हासनगर के कैंप क्रमांक 5 स्थित पैनल क्रमांक 19, वीर तानाजी नगर में पेयजल की समस्या विकराल होती जा रही है। कई सालों से इस इलाके के नागरिकों को नियमित और पर्याप्त दबाव से पानी नहीं मिल रहा है, जिससे नागरिकों की समस्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। खासकर महिलाओं को सुबह से शाम तक पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों को भी पीने का साफ पानी मिलना मुश्किल हो गया है। इस गंभीर समस्या को लेकर नागरिकों ने कई बार मनपा कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई, इंजीनियरों को ज्ञापन दिए, मार्च और विरोध प्रदर्शन किए। लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ।

नागरिकों का आरोप है कि जल आपूर्ति विभाग के इंजीनियर अशोक घुले और परमेश्वर बुडगे ने नागरिकों की शिकायतें सुनने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। दिवाली जैसे त्योहारों पर भी पानी की एक बूंद न मिलने पर रोष व्यक्त करते हुए नागरिकों ने अपने घरों के सामने खाली बर्तन रखे. इस अभिनव आंदोलन से वीर तानाजी नगर क्षेत्र में प्रशासन के प्रति तीव्र नाराजगी का माहौल है। नागरिकों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द से जल्द पानी की आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में एक जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# लगातार बारिश से व्यापार प्रभावित

- इस साल 6 महीने हो रही बारिश
- प्री-मानसून, मानसून और पोस्ट-मानसून की बारिश से प्रभावित



**बदलापुर.** मई में शुरू हुई बारिश अक्टूबर खत्म होने के बाद भी थमने का नाम नहीं ले रही है। हालाँकि, मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह बारिश अक्टूबर के अंत तक जारी रहेगी। इस साल पहले प्री-मानसून की बारिश हुई, फिर मानसून की बारिश और फिर पोस्ट-मानसून की बारिश भी जारी है। इसलिए, बारिश का मौसम लगभग छह महीने का हो चुका है। इस साल का आधा हिस्सा बारिश में ही बीता है।

महाराष्ट्र में दिवाली के बाद भी जारी बारिश ने कई नागरिकों के मन में सवाल खड़े कर दिए हैं। लेकिन मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, बारिश केवल दक्षिण-पश्चिम मानसून तक ही सीमित नहीं है। हर साल जून से सितंबर तक महाराष्ट्र में मुख्य मानसून का मौसम होता है। हालाँकि, निजी मौसम विशेषज्ञ अभिजीत मोडक के अनुसार, इस अवधि के बाहर, विभिन्न मौसम प्रणालियों के कारण कभी-कभार बारिश हो सकती है।

उत्तर-पूर्वी मानसून अक्टूबर और नवंबर के महीनों में उत्तरी मानसूनी बारिश लाता है, जबकि पश्चिमी विक्षोभ कभी-कभी जनवरी से मार्च तक उत्तर भारत और महाराष्ट्र में हल्की बारिश लाता है।

इसी तरह, अप्रैल-मई के महीनों में, प्री-मानसून अवधि के दौरान छोटे-बड़े तूफ़ान और सीधी हवा के असंतत होने से भी कुछ इलाकों में बारिश होती है। हालाँकि, इन अवधियों के दौरान बारिश नियमित नहीं होती, बल्कि विशिष्ट मौसम स्थितियों के अनुसार होती है, ऐसा मोडक ने बताया।

## इस साल सभी परिस्थितियों में बारिश

इस साल स्थिति अलग रही है। चूँकि मई से अक्टूबर तक विभिन्न मौसम प्रणालियाँ लगातार सक्रिय रहीं, इसलिए लगातार बारिश हुई और इस वजह से ऐसा महसूस हुआ कि मानसून छह महीने से चल रहा है। इस साल, दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य से थोड़ा पहले, यानी 26 मई को शुरू हुआ और निर्धारित समय, यानी 10 अक्टूबर को वापस लौट गया। लेकिन उससे पहले, मई की शुरुआत में एक पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश हुई, जिसके बाद सीधी हवा के असंतत होने के कारण कुछ स्थानों पर प्री-मानसून वर्षा हुई। अब जबकि मानसून विदा हो चुका है, उत्तर-पूर्वी मानसून फिर से सक्रिय हो गया है और 15 अक्टूबर से अरब सागर पर बने निम्न दबाव के क्षेत्र के कारण कोंकण सहित महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में फिर से बारिश शुरू हो रही है। चूँकि अरब सागर का यह क्षेत्र कोंकण तट के समानांतर उत्तर की ओर बढ़ रहा है, इसलिए बारिश का यह दौर अक्टूबर के अंत तक जारी रहने की संभावना है।

# उल्हासनगर स्टेशन रोड पर बदमाशों का उत्पात

- कंवरराम चौक पर की तोड़फोड़
- स्थानीय नागरिकों में भारी नाराजगी
- सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच शुरू



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 3 स्थित अमर शहीद भगत कंवरराम चौक, स्टेशन रोड इलाके में गुरुवार सुबह करीब 4 बजे कुछ बदमाशों ने तोड़फोड़ की। इस दौरान दोपहिया वाहनों और करीब 40 से 50 पौधों के गमलों में तोड़फोड़ की गई। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। अचानक हुई इस तोड़फोड़ की कार्रवाई से स्थानीय नागरिक और व्यापारी काफी नाराजगी जता रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि पर्यावरण और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाकर इलाके में अशांति फैलाने की कोशिश की गई है। इस घटना के बाद नागरिकों और व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से ऐसे बदमाशों के खिलाफ तुरंत और सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि ऐसी आतंकी प्रवृत्ति पर लगाम लग सके। इस बीच, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और इलाके के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

## धोबीघाट इलाके में बिजली गिरी

**उल्हासनगर:** दिवाली की रोशनी से जगमगा रहे उल्हासनगर शहर में मंगलवार को बिजली गिरने से शहर के कई हिस्से अंधेरे में डूब गए। धोबीघाट इलाके में बिजली गिरते ही ज़मीन में दरारें पड़ गईं और कुछ घरों तक बिजली फैल गई, जिससे नागरिकों में डर का माहौल बन गया। दिवाली मना रहे उल्हासनगरवासियों के लिए मंगलवार की रात डरावनी साबित हुई। शाम 6 बजे के बाद अचानक हवा की गति तेज़ हो गई और कुछ ही मिनटों में तेज़ बारिश और बिजली कड़कने लगी।

इसी बीच, उल्हासनगर के धोबीघाट इलाके में बिजली गिरने से एक बड़ा हादसा हो गया। तेज़ बिजली गिरने से ज़मीन में दरारें पड़ गईं और इलाके के कुछ घरों की दीवारों तक बिजली फैल गई। अचानक हुई इस घटना से नागरिक डर के मारे अपने घरों से बाहर भागे। धोबीघाट इलाके में बिजली गिरने के बाद पूरी बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

# अंबरनाथ में कार के पास पटाखा बम फोड़ने वाले 6 के खिलाफ अपराध दर्ज

- कार का हुआ नुकसान

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व गायकवाड़ पाड़ा में एक वकील की खड़ी कार के पास 6 शरारती युवकों ने मना करने के बावजूद सुतली बम फोड़ दिया. जिसके कारण कार के दरवाजे की कांच टूट गई और कार का भारी नुकसान हुआ है. ये 6 शरारती युवकों को पहले तो वकील ने समझाया कि घर के पास पटाखे ना फोड़ें क्योंकि उनकी 11 महिने की बेटी घर में सो रही है. नहीं सुनने पर उन्होंने शिवाजी नगर पुलिस को फोन करके बुलाया. पुलिस ने उन्हें नसीहत करने के बाद रात 1.22 बजे युवकों ने फिर से उनकी कार के पास सुतली बम लगाकर कार का नुकसान किया है. वकील जय रजनीकांत गायकवाड़ (35) निवासी सिम्फोनी बिल्डिंग गायकवाड़ पाड़ा ने पुलिस में भानुप्रसाद यादव (38), सचिन यादव (32), दुर्गेश तिवारी (38), राहुल भालेराव (30), विशाल और राजेश सिंह (सभी सिम्फोनी बिल्डिंग के निवासी हैं) के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के कई कलम के अनुसार अपराध दर्ज कराया है.

वकील जय रजनीकांत के अनुसार 23.10.25 को रात 1.15 से 1.22 के बीज दिवाली पर 6 लोग पटाखे फोड़ रहे थे. जिसके कारण उनकी 11 महिने की लड़की को तकलीफ हो रही थी. उनकी पत्नी ने भी आरोपियों को समझाया, पर वह नहीं समझे तो उन्होंने पुलिस को तलब करके उन्हें समझाया. इस बात का दिल में रोष रखकर इन आरोपियों ने उनकी कार टाटा टिगोर (क्र. एमएच 05 एफबी 6585) के टायर के पास जोरदार आवाज वाले पटाखे फोड़ने से कार को नुकसान पहुंचा है. मामले की जांच पुलिस उप निरीक्षक रविंद्र भवारी कर रहे हैं.

# उल्हासनगर में 'आजादी जी किंमत' नाटक का मंचन आज

- सिंधी समाज की शान बढ़ाने जरूर आएं- विनोद तलरेजा



**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम आजादी जी किंमत नाटक का आयोजन आज रविवार 26 अक्टूबर की शाम 6 बजे टॉउन हॉल में किया गया है। सिंधी समाज के त्याग व बलिदान पर इस नाटक का मंचन बहुत ही खूबसूरत तरीके से किया जाना है इसलिए इस कार्यक्रम में आकर सिंधी समाज की शान बढ़ाने की अपील पूर्व उपमहापौर व सिंधी साहित्य अकादमी के पूर्व सदस्य विनोद तलरेजा ने सिंधी समाज से की है। सिंधी कलाकार संगम द्वारा पेश इस नाटक को निखिल राजपाल ने लिखा है और निर्देश जय हिरो ने किया है।

# रीजेंसी अवाना के वॉचमैन की पिटाई

- टिटवाला पुलिस मामला दर्ज करने में कर रही आनाकानी

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-1 स्थित रीजेंसी अवाना हाउसिंग प्रोजेक्ट में एक चौंकाने वाली घटना घटी है, जहाँ एक चौकीदार की फीस को लेकर बेरहमी से पिटाई की गई। इस मामले में मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है, और निवासियों का आरोप है कि पुलिस टालमटोल कर रही है। संतोष बंडू मालवी महारल गाँव में रहते हैं और रीजेंसी अवाना प्रोजेक्ट की ब्लू बेल्स बिल्डिंग में चौकीदार का काम करते हैं। घटना वाली रात लगभग 11 बजे, जब संतोष लॉबी में बैठे थे, तभी फ्लैट नं. 2102 के मालिक माधव संपत दो अन्य लोगों के साथ वहाँ आए। उन्होंने संतोष को 'पार्किंग स्थल से कुत्तों को हटाने' का निर्देश दिया। हालाँकि, जब संतोष ने कहा, 'यह मेरे काम के दायरे में नहीं आता,' तो माधव भड़क गए। उन्होंने और उनके साथियों ने संतोष पर हमला कर दिया और उसे बेरहमी से पीटा। हमले में संतोष की नाक टूट गई घायल वॉचमैन को सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# अंबरनाथ का नाट्यगृह 6 दिनों से हाउसफुल

## 650 सीट भरने के बाद जमीन पर बैठकर नाटक देख रहे लोग

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में धर्मवीर आनंद दिघे नाट्यगृह में नाट्य महोत्सव के छठे दिन तक नाट्यमंदिर हाउसफुल देखा गया. 22 अक्टूबर को विजय तेंदुलकर का सखाराम बाइंडर पेश किया गया. 650 सीटों वाले नाट्यगृह में लगभग एक हजार प्रेक्षकों ने नीचे बैठकर, खडे होकर नाटक देखने का आनंद लूटा.

विदित हो कि दीपावली 19 अक्टूबर को अंबरनाथ के धर्मवीर आनंद दिघे नाट्य मंदिर का लोकार्पण राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं प्रसिद्ध अभिनेता अशोक सराफ के हाथों हुआ था. सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने नाट्यप्रेमियों को नाटक कला का आनंद लूटने के लिए 8 दिन तक नाट्य महोत्सव का आयोजन किया है. सही रे सही, करुन गेलो गाव, आजीबाई जोरात, सखाराम बाइंडर, मी वर्सेस मी पुरुष अशी नाटकों को पेश किया गया है. अंबरनाथ ही नहीं बदलापुर, कल्याण, उल्हासनगर और तालुका के ग्रामीण विभाग से सैकड़ों नाट्यप्रेमी प्रयोग देखने के लिए रोजाना गर्दी कर रहे हैं. सखाराम बाइंडर नाटक देखने के लिए नाटक प्रेमियों ने इतना रश कर दिया था कि 650 सीट फुल होने के बाद लोग जमीन पर बैठ गए. दरवाजे के पास खड़े होकर तीन घंटे तक लोगों ने नाटक देखा. नाटक के कलाकारों ने भी नाट्यगृह की दिल खोलकर प्रशंसा की है. नाट्यगृह के बाहर डीएमसी सड़क पर सैकड़ों कार, बाइक आदि रोजाना खड़ी देखी जा रही है.

# सेंचुरी के सामने युवाओं के प्रयासों से टला हादसा

- पटाखों से लगी आग बुझी



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में जब नागरिक सड़क पर पटाखे फोड़ रहे थे, उसी दौरान सेंचुरी कंपनी के स्टाफ गेट के सामने वाली इमारत में पटाखों की वजह से आग लग गई। हालाँकि, कुछ युवाओं के साहस और सेंचुरी रेयान कंपनी के अग्निशमन विभाग की तत्काल प्रतिक्रिया से एक बड़ा हादसा टल गया।

उल्हासनगर शहर में सेंचुरी कंपनी के स्टाफ गेट के सामने स्थित श्रीराम सैलून और मयूर टेलर्स नामक दुकानों की ऊपरी मंजिल पर पटाखों की वजह से आग लग गई।

दिवाली के उत्साह में जब सड़क पर पटाखे फोड़ रहे थे, तभी एक चिंगारी हवा में उड़कर सीधे इमारत की पहली मंजिल पर रखे सामान पर गिरी और कुछ ही पलों में धुआँ उठने लगा। उस समय मौजूद चार बहादुर युवक, किरण मोरे, अभिराज चौहान, सूरज शर्मा और कृष्णा मोरे, अपनी जान की परवाह किए बिना आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े। उनकी त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया। हालाँकि, इस प्रयास में किरण मोरे का हाथ जल गया।

कुछ ही देर में सेंचुरी रेयॉन कंपनी के अग्निशमन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुँच गए और उनकी त्वरित कार्रवाई ने आग पर काबू पा लिया। आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है, और गनीमत रही कि कोई बड़ी जान-माल की हानि नहीं हुई। इस दौरान, घटनास्थल पर मौजूद नागरिकों ने घायल युवक से पूछताछ की और उसके साहस की सराहना की।

# थाहिरिया सिंह दरबार द्वारा शहर में निकलेगी 24 अक्टूबर से 5 नवंबर तक प्रभात फेरी

- डेरा संत बाबा थाहिरिया सिंह साहिब जी द्वारा कार्यक्रम




- इच्छा पूरक 40 दिन का अंखड पाठ दरबार में जारी
- गुरु नानक देवजी के प्रकाश पर्व की तैयारियां जोरों पर

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर क्रमांक 3 के प्रसिद्ध धन गुरु नानक दरबार डेरा संत बाबा थाहीरिया सिंह साहब दरबार द्वारा सिख धर्म के संस्थापक गुरुनानक देव जी के जन्मदिन प्रकाश पर्व के उपलक्ष में आज से 5 नवंबर तक 12 दिवसीय प्रभात फेरी पूर्ण आस्था, श्रद्धा, विश्वास के साथ निकाली जाएगी। आज प्रभात फेरी दरबार साहब से प्रारंभ होकर सेक्शन 17 शिवाजी चौक, महाराजा हॉल, आदि अम्मा ट्रेडर्स, दशहरा मैदान, राधाभाई चौक, संघर्ष सामाजिक संस्थान, डॉली नाश्ता सेंटर, संत कँवलराम चौक, शिवाजी चौक, सेक्शन 17 से होती हुई दरबार साहब तक आएगी। इस दौरान प्रतिदिन प्रभात फेरी आने वाले संगत के लिए बस सेवा रखी गई है। यह बसें उल्हासनगर क्रमांक 1,2,4,5 एंटीलिया, थारवानी, अंबरनाथ, कल्याण से चलेगी। यह सेवा प्रतिदिन अमृतविले, श्री मणिकरण साहब गुरुद्वारा दर्शन के लिए और शाम को दरबार साहब में माथा टेकने वाले आने वाले संगत के लोगों के लिए चलेगी। उक्त जानकारी दरबार प्रमुख भाईसाहब त्रिलोचन सिंह (टिल्लू भाईसाहब) ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए दी है। उन्होंने कहा कि प्रभात फेरी के लिए आज शहर की सड़कों के दोनों तरफ लोग स्वागत के लिए खड़े रहते हैं। यह प्रभात फेरी

सुबह 6 बजे के आसपास निकाली जाती है। प्रतिदिन अलग अलग रूट पर प्रभात फेरी निकाली जाएगी। 2 नवंबर रविवार के दिन उल्हासनगर क्रमांक 4 और 5 में सबसे बड़ी प्रभात फेरी निकाली जाएगी।

दरबार में 5 नवंबर को रात 9 बजे से भव्य कीर्तन दरबार का आयोजन होगा जिसमें सनी मूलचंदानी, संत बाबा चिमनजीत सिंह लाल, रौशनसिंह साहब, गुरुप्रीत सिंह शिमला वाले अपने प्रवचनों से सारी संगत को निहाल करेंगे। गुरुनानक जी के प्रकाशपर्व के उपलक्ष में इस बार दरबार साहब में मणिकरण साहिबजी की झांकी तैयार की जा रही है। दरबार प्रमुख टिल्लू भाईसाहब ने संगत के सभी लोगों से प्रभात फेरी और प्रकाशपर्व के कार्यक्रम में उपस्थित होकर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया है।







जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि

उल्हास विकास

संपादकीय

## गठबंधन का राजनीतिक धर्म

आखिरकार बिहार में विपक्षी दलों के मोर्चे महागठबंधन ने राजद नेता तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री के रूप में पेश कर दिया। यह घोषणा कांग्रेस नेता अशोक गहलोत की ओर से की गई। इसी के साथ विकासशील इंसान पार्टी यानी वीआइपी के प्रमुख मुकेश सहनी को डिप्टी सीएम का चेहरा घोषित किया गया। अशोक गहलोत की इस घोषणा से पता चलता है कि अभी तक ऐसा नहीं हो सका तो कांग्रेस की अनिच्छा के कारण। इस अनिच्छा से यही झलका कि कांग्रेस को अभी गठबंधन राजनीति के धर्म का मर्म जानना है। आखिर यह सर्व साधारण सी बात क्यों नहीं समझ सकी कि बिहार में राजद ही मुख्य विपक्षी दल है और तेजस्वी यादव उसके सर्वमान्य नेता। कांग्रेस की मानें तो उसने महागठबंधन की एकजुटता के लिए यह घोषणा की। इसका मतलब है कि इस घोषणा में देर करके उसने अभी तक अपने ही गठबंधन की एकजुटता को कमजोर करने और समर्थकों के बीच संशय फैलाने का काम किया। क्या यह अच्छा नहीं होता कि वह पहले ही तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री के दावेदार के रूप पेश करने पर सहमत हो जाती और वह भी तब, जब इसकी मांग हो रही थी? क्या कांग्रेस ऐसा कुछ मानकर चल रही थी कि महागठबंधन के जीतने की सूरत में तेजस्वी यादव के अतिरिक्त अन्य कोई मुख्यमंत्री का दावेदार हो सकता है? उसे यह नहीं भूलना चाहिए कि वह बिहार में अपनी राजनीतिक महत्ता बनाए रखने के लिए राजद पर ही निर्भर है। उसकी ऐसी ही निर्भरता अन्य राज्यों में भी वहां के क्षेत्रीय दलों पर है। जब तक वह अपने बलबूते चुनाव लड़ने की सामर्थ्य नहीं जुटा लेती, तब तक उसे उन्हें दबाव में लेने की चेष्टा नहीं करनी चाहिए। तेजस्वी यादव को सीएम पद का प्रत्याशी घोषित करने के साथ-साथ वीआइपी प्रमुख मुकेश सहनी को जिस तरह डिप्टी सीएम के रूप में आगे लाया गया, उससे उनकी राजनीतिक हैसियत का अनुमान लगता है, लेकिन उनकी पार्टी तो महज 15 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और कांग्रेस उससे चार गुने से अधिक सीटों पर। हालांकि अशोक गहलोत ने यह कहा कि अभी डिप्टी सीएम बनाए जाएंगे, पर इससे यह संदेश ओझल नहीं होता कि कांग्रेस की राजनीतिक ताकत वीआइपी से भी कम है। निःसंदेह अशोक गहलोत की घोषणा से महागठबंधन और विशेष रूप से उसका नेतृत्व कर रहे राजद को लाभ मिल सकता है, लेकिन यह कहना सही नहीं होगा कि अब इस गठबंधन में सब कुछ सही हो गया है।

# निष्प्रभावी होते मतांतरण रोधी कानून

राजस्थान सरकार ने छल-बल या प्रलोभन के माध्यम से किए जाने वाले मत परिवर्तन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जो 'धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक' पारित किया था, वह राज्यपाल की स्वीकृति के बाद कानून बन गया है। इस अधिनियम में जबरन या कपटपूर्ण मतांतरण के विरुद्ध अत्यंत कठोर दंडात्मक प्रविधान किए गए हैं।

इस कानून के अनुसार, मतांतरण से जुड़े सभी अपराध गैर-जमानती होंगे, जिनकी सुनवाई सत्र न्यायालय में की जाएगी और आरोपितों को आसानी से जमानत नहीं मिलेगी। मतांतरण का प्रश्न केवल आस्था या व्यक्तिगत स्वतंत्रता का विषय नहीं है, बल्कि यह समाज की एकता, सांस्कृतिक संतुलन और राष्ट्रीय सुरक्षा से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों से छल-बल, प्रलोभन या लालच के माध्यम से मतांतरण कराने के अनेक मामले सामने आए हैं।

भारत जैसे सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध राष्ट्र में इस प्रकार की गतिविधियां न केवल धार्मिक एवं सांस्कृतिक विविधता के लिए चुनौती बनी हुई हैं, बल्कि वे सामाजिक समरसता को भी कमजोर कर रही हैं। इसी पृष्ठभूमि में राजस्थान सरकार ने यह कानून बनाकर संदेश दिया है कि किसी भी प्रकार का जबरन या कपटपूर्ण मत परिवर्तन न तो व्यक्तिगत अधिकारों के नाम पर स्वीकार्य होगा और न ही समाज के हित में सहनीय। भारत में मतांतरण सदियों से पोषित, संरक्षित, सुनियोजित वैश्विक अभियान का हिस्सा है। इस्लाम



और ईसाइयत द्वारा संचालित मतांतरण की प्रक्रिया ने भारत की सनातन संस्कृति और दर्शन को उसकी उदारता, सहिष्णुता और सर्वसमावेशी दृष्टिकोण के कारण हमेशा से निशाने पर रखा है।

आज देश का शायद ही कोई राज्य ऐसा हो, जहां मतांतरण के कपटपूर्ण धंधे को संगठित रूप से न चलाया जा रहा हो। मतांतरण में लिप्त लोग दलित, वंचित और भोले-भाले निर्धन समुदायों को अपना शिकार बनाते हैं। जब प्रलोभन से बात नहीं बनती, तो वे छल, कपट, झूठे चमत्कार और मिथ्या धार्मिक एवं जातिवादी विमर्श का सहारा लेते हैं। कोई सेवा और चिकित्सा के नाम पर यह धंधा करता है, तो कोई जन्नत-दोजख के बहाने। स्थिति यहां तक पहुंच चुकी है कि देश के कई क्षेत्रों में मतांतरण ने स्थानीय जनसांख्यिकी और सांस्कृतिक संतुलन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। संपन्न माना जाने वाला पंजाब भी पिछले कुछ समय से मतांतरण कराने वाले पादरियों की सक्रियता का शिकार है। देश के लगभग दस राज्यों ने मतांतरण रोधी कानून बना रखे हैं। इनमें से कुछ राज्यों ने राजस्थान की तरह अपने मतांतरण रोधी कानून को कठोर भी किया है। इनमें उत्तर प्रदेश भी शामिल है, लेकिन इसके बाद भी मतांतरण की खबरें आए दिन सामने आती रहती हैं। बीते दिनों ही बरेली से खबर आई कि सुमित मैसी नामक पादरी को उसके साथियों समेत मतांतरण के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार ये लोग सामाजिक रूप से कमजोर तबके को निशाना बना रहे थे। इसके पहले खबर आई थी कि सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के मतांतरण रोधी कानून की कुछ धाराओं के बारे में कहा कि वे संविधान की कसौटी पर खरी नहीं उतरतीं।

यह भी ध्यान रहे कि सुप्रीम कोर्ट चार राज्यों के मतांतरण रोधी कानूनों पर उनसे जवाब मांग चुका है। स्पष्ट है कि मतांतरण रोधी कानूनों को कठोर करने की अपनी सीमाएं हैं। यदि हम मतांतरण रोधी कानूनों के प्रभाव का विश्लेषण करें तो पाएंगे कि कानून तो बना दिए जाते हैं और उन्हें कठोर भी कर दिया जाता है, पर उनका क्रियान्वयन ठीक से नहीं हो पाता।

मतांतरण में लिप्त लोग समाज के जिन वर्गों को अपना शिकार बनाते हैं, उनमें उतनी जागरूकता नहीं होती कि वे इन तत्वों के विरुद्ध समय पर समुचित कानूनी कार्रवाई कर सकें या उनकी तिकड़मों को समय रहते भांप सकें। आखिर कठोर कानून होने के बावजूद मतांतरण के अपराध में संलिप्त सजा पाने वाले आरोपितों की संख्या लगभग नगण्य क्यों है? मतांतरण पर लगाम न लग पाने का एक कारण सामाजिक भी है। आज भी हिंदू समाज जातियों के नाम पर बंटा है। यदि सामाजिक समरसता के भाव को एक सिरे से दूसरे सिरे तक प्रबल नहीं किया गया तो विभाजनकारी शक्तियां समाज को बांटने के उद्देश्य में सफल होती रहेंगी।




सच्ची निष्काम सेवा, प्रेम की ही अभिव्यक्ति है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# अब नहीं देना पड़ेगा भारी शुल्क

करीब एक महीने पहले जब अमेरिका ने आप्रवासन नीति में एक बड़ा बदलाव करते हुए एच1बी वीजा और उसके लिए शुल्क में भारी फेरबदल कर दिया था, तभी से जमीनी स्तर पर उसके असर और खुद अमेरिका को प्रकारांतर से उससे होने वाले नुकसानों को लेकर आशंकाएं जताई जाने लगी थीं। हालांकि तब भी यह उम्मीद की गई थी कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बीते कुछ समय से अमेरिका के हित के नाम पर जिस तरह के फैसले कर रहे हैं, उसमें संभव है कि एच1बी वीजा के संबंध में घोषित नए नियमों की जटिलता और उसके व्यापक असर को देखते हुए फिर किसी बदलाव की गुंजाइश बने।

जब एच1बी वीजा के लिए एक लाख डालर शुल्क लगाने की घोषणा हुई, तो उस पर खासा विवाद शुरू हो गया और इस फैसले के लिए दुनिया भर में ट्रंप की आलोचना होने लगी, तब इस फैसले में बदलाव करके कुछ राहत दी गई कि नया शुल्क नए आवेदकों के लिए होगा। यह वहां वर्षों या दशकों से रह रहे अन्य देशों के प्रवासियों लिए थोड़ी राहत की बात थी, लेकिन इसे लेकर कई आशंकाएं बनी रहीं कि आने वाले दिनों में इसका व्यवहार में कैसा असर पड़ेगा।

एक समस्या यह भी खड़ी हुई थी



कि शुल्क की घोषणा तो कर दी गई, लेकिन उसमें किसी तरह की छूट आदि के बारे में स्पष्ट नहीं किया गया था। यही वजह थी कि इस नए नियम से प्रभावित होने वाले लोगों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। अब ट्रंप प्रशासन ने इस संबंध में कुछ बिंदुओं को स्पष्ट किया है कि किन्हें यह शुल्क देना होगा, उसे चुकाने की प्रक्रिया क्या होगी और इसमें छूट के लिए आवेदन कैसे किए जा सकेंगे। अमेरिकी नागरिकता तथा आव्रजन सेवा यानी यूएससीआइएस की ओर जारी नए दिशानिर्देशों के तहत यह शुल्क सभी आवेदकों को नहीं देना होगा। जिन आवेदकों ने अपनी स्थिति में बदलाव कराने या अमेरिका में प्रवास या अपनी वीजा अवधि बढ़वाने का आवेदन किया है, उन्हें भी यह अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा। इस आदेश में एच1बी वीजा धारक के अमेरिका में आने-जाने पर प्रतिबंध नहीं है। इसका व्यवहार में असर इस रूप में सामने आएगा कि अगर कोई आवेदक किसी दूसरे वीजा, मसलन अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए एफ1वीजा, अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए एल1वीजा पर अमेरिका में दाखिल होता है और वहीं रहते हुए एच1वीजा हासिल करता है, तो उसे नया अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा।

इस नई घोषणा के बाद वहां एच1बी वीजा के दायरे में आने वाले एक बड़े वर्ग और खासतौर पर भारत से वहां गए लोगों के बीच काफी राहत महसूस की जा रही है। गौरतलब है कि इस वीजा के लिए सबसे ज्यादा भारत के ही लोग आवेदन करते हैं। पिछले वर्ष कुल स्वीकृत एच1बी वीजाधारकों में से सत्तर फीसद भारतीय मूल के कर्मचारी थे।

यों भी, भारत से अमेरिका जाने वाले पेशेवरों की संख्या अन्य देशों के लोगों के मुकाबले ज्यादा है। दरअसल, यह समूचा विवाद अमेरिका में अन्य देशों से पहुंचे पेशेवरों से जुड़ा मसला है, जो स्थानीयता और अमेरिकियों के बीच अवसरों के मुद्दे से जोड़ दिया गया है। मगर समय के साथ खुली अर्थव्यवस्था के एक ढांचे के रूप में विकसित होती दुनिया में अमेरिका को उदार रुख अपनाते हुए एक ठोस नीति तक पहुंचना चाहिए। सिर्फ बाहरी माने जाने वाले लोगों पर शिकंजा कस कर या उन्हें बाहर करने का अभियान चला कर वह अमेरिकियों का भला नहीं कर सकता।

# शरीर के इस अंग से भी 'सांस ले सकता है इंसान'

## जरा हट के

हाल ही में वैज्ञानिकों ने एक अजीबोगरीब खोज की है, जिसके जरिए उन्होंने पाया है कि इंसान फेफड़ों की जगह शरीर के एक खास अंग से भी सांस ले सकता है. पर इस अंग के बारे में जानकर आप हैरान हो जाएंगे.



अगर कोई व्यक्ति फेफड़ों से सांस नहीं ले पा रहा हो, तो क्या शरीर के किसी और हिस्से से ऑक्सीजन ली जा सकती है? जापान और अमेरिका के वैज्ञानिकों ने इस असंभव लगने वाले सवाल का जवाब खोज निकाला है. हाल ही में किए गए एक मानव परीक्षण के नतीजे बताते हैं कि मनुष्य के शरीर में 'एनल ब्रीदिंग' या 'बट ब्रीदिंग' यानी मलद्वार के रास्ते ऑक्सीजन पहुंचाने की तकनीक सुरक्षित और संभव है. यह प्रयोग सुनने में भले ही अजीब लगे, लेकिन यह विचार प्रकृति से प्रेरित है. शोधकर्ताओं ने बताया कि कुछ मछलियां जैसे लोच (तब इस तरीके से सांस लेती हैं जब पानी में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है. वे सतह पर आकर हवा निगलती हैं और वह हवा उनके पाचन तंत्र से होकर गुजरती है. इस दौरान ऑक्सीजन उनके रक्तप्रवाह में पहुंच जाती है और बाकी हवा मलद्वार से बाहर निकल जाती है. यानी इन मछलियों की सांस लेने की क्षमता सिर्फ गलफड़ों तक सीमित नहीं होती.

### तकनीक पर शुरू हुआ काम

इसी तरह कुछ कछुए, समुद्री खीरे, ड्रैगनफ्लाई निंफ्स और यहां तक कि सूअर भी तब अपने शरीर के निचले हिस्से से ऑक्सीजन अवशोषित कर सकते हैं, जब फेफड़े ठीक से काम नहीं कर रहे होते. इन्हीं जीवों से प्रेरणा लेकर वैज्ञानिकों ने मनुष्यों पर एंट्रल वेंटिलेशन नामक तकनीक पर काम शुरू किया. इस तकनीक में ऑक्सीजन से भरी एक विशेष द्रव सामग्री को एनिमा (Enema) की तरह रेक्टम (Rectum) में डाला जाता है. यह ऑक्सीजन फिर आंतों की दीवारों से होकर खून में मिल जाती है- यानी सांस फेफड़ों की बजाय पेट के निचले हिस्से से ली जाती है.

# मूंग दाल




**सामग्री:**

- 1/2 कप मूंग दाल (बिना छिलके वाली मूंग दाल)
- 2 टेबलस्पून तेल
- 1 टीस्पून जीरा
- 3-4 लहसुन की कलियां, पीसी हुई
- 2 हरी मिर्च, बारीक कटी हुई
- 1 सूखी लाल मिर्च, दो टूकडों में तोडी हुई
- 1/2 टीस्पून अदरक, कद्दूकस किया हुआ
- 4-5 करी पता
- 1/2 टमाटर, चौकोर टूकडों में कटा हुआ
- 1/4 टीस्पून हल्दी पाउडर
- 1/2 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर
- 1 टीस्पून धनिया पाउडर
- 1 टीस्पून नींबू का रस
- 1 कप पानी
- 1 टेबलस्पून हरा धनिया

**विधि:**

मूंग दाल को पानी से धो लें। उसे एक कटोरे में 30 मिनट के लिए पानी में भिगो दें। अगर आप के पास समय कम हैं, तो दाल मत भिगोये; स्टेप-3 में 2 कप पानी डालें और उसे कुकर में 3 सिटी होने तक पकाएं। 30 मिनट के बाद, उसमें से अतिरिक्त पानी निकाल दें। उसे एक प्रेशर कुकर में डालें। उसमें 1 कप पानी, हल्दी



पाउडर और नमक डालें। कुकर को ढक्कन से बंध कर दें और उसे मध्यम आंच पर 2 सिटी होने तक पकाएं। गैस बंध कर दें; जब प्रेशर अपने आप खत्म हो जाए तब ढक्कन खोलें। एक छोटे पैन/कडाही में मध्यम आंच पर भूनने के लिए तेल गरम करें। उसमें जीरा डालें और जब वे फूटने लगे, तब उसमें पीसा हुआ लहसुन, कटी हुई हरी मिर्च, सूखी लाल मिर्च, कद्दूकस किया हुआ अदरक और करी पता डालें। उन्हें 30 सेकंड के लिए भून लें। उसमें कटा हुआ टमाटर डालें और 1 मिनट के लिए पकाएं। उसमें लाल मिर्च पाउडर और धनिया पाउडर डालें और अच्छे से मिलाएं। गैस बंध कर दें और उसे पकाई हुई दाल में डालें। उसे नमक के लिए चखें और अगर जरूरत लगे तो ज्यादा डालें। उसमें नींबू का रस और 1/3 कप पानी डालें, अच्छे से मिलाएं और 2-3 मिनट के लिए उबालें। गैस बंध कर दें और उसे एक सर्विंग बाउल में निकाल लें।

# इन चीजों के बिना अधूरी है छठ पूजा

छठ पूजा की शुरुआत 25 अक्टूबर 2025 से हो गई है. यह महापर्व चार दिनों तक चलता है, जिसमें सूर्य देव और छठी मैया की उपासना की जाती है। बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में यह लोक आस्था का सबसे बड़ा पर्व माना है, जिसे बेहद पवित्रता और नियम के साथ मनाया जाता है। छठ पूजा में सभी सामग्री का अपना विशेष महत्व है। कहते हैं कि सही और पूरी सामग्री के बिना यह पूजा अधूरी मानी जाती है। ऐसे में छठ व्रत शुरू करने से पहले पूजा सामग्री की पूरी लिस्ट बना लेनी चाहिए ताकि अंतिम समय में कोई जरूरी चीजें न रह जाएं।

## छठ पूजा सामग्री की पूरी लिस्ट

**ठेकुआ** - यह छठ पूजा का सबसे प्रमुख प्रसाद है, जिसे गेहूं के आटे, गुड़ और घी से बनाया जाता है।

**चावल के लड्डू** - यह भी छठ के विशेष प्रसाद में शामिल है।

**मौसमी फल** - कम से कम पांच या सात प्रकार के मौसमी फल, जिनमें केला, नारियल (पानी वाला), सेब, अमरूद और डाभ नींबू आदि।

**गन्ना** - पत्ते लगे हुए पांच या सात गन्ने। इसे घाट पर मंडप बनाने के लिए भी उपयोग किया जाता है। गन्ना समृद्धि और दीर्घायु का प्रतीक है।

**शकरकंद और सुथनी** - ये जमीन के अंदर उगने वाली शुद्ध वस्तुएं हैं।

**हल्दी का पौधा** - हल्दी का पूरा पौधा (गांठ सहित)।

**पान और सुपारी** - पूजा के



दौरान उपयोग के लिए।

**अक्षत** - साबुत चावल।

**बांस की दो टोकरी** (सूप या दउरा) - एक सूर्यास्त के अर्घ्य के लिए और दूसरी सूर्योदय के अर्घ्य के लिए।

**बांस या पीतल का सूप** - प्रसाद और फल रखने के लिए।

**तांबे या कांसे का लोटा** - सूर्य देव को दूध और जल का अर्घ्य देने के लिए।

**कच्चा दूध और शुद्ध जल** - अर्घ्य के लिए।

**दीपक, घी और बाती** - मिट्टी के दीपक शुभ माने जाते हैं।

**सिंदूर, रोली और चंदन** - पूजा के लिए।

**हवन सामग्री** - खरना के दिन के लिए।

**कलावा (मौली)** - पूजा के बंधन के लिए।

**पीला या लाल रंग का नया वस्त्र/साड़ी** - व्रती के लिए।

### छठ पूजा कैलेंडर

25 अक्तूबर 2025, शनिवार- नहाय-खाय

26 अक्तूबर 2025, रविवार- खरना

27 अक्तूबर 2025, सोमवार- संध्या अर्घ्य

28 अक्तूबर 2025, मंगलवार- उषा अर्घ्य

### पूजन मंत्र

ॐ सूर्याय नमः।।
ॐ ह्रीं ह्रीं सूर्याय
सहस्रकिरणराय मनोवांछित
फलम् देहि देहि स्वाहा।।
ग्रहाणामादिरादित्यो लोक लक्षण
कारकः। विषम स्थान संभूतां
पीड़ां दहतु मे रवि।।
ॐ ऐहि सूर्य सहस्त्रांशों तेजो
राशे जगत्पते, अनुकंपयेमां
भक्त्या, गृहाणार्घ्य दिवाकरः।।

## आज का राशिफल

**मेष** : धन प्राप्ति में अवरोध दूर होंगे। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। अज्ञात भय सताएगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कुसंगति से बचें। चिंता रहेगी।

**वृषभ** : आर्थिक उन्नति होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। शुभ समय। शत्रु भय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी।

**मिथुन** : नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रमाद से बचें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में उन्नति होगी।

**कर्क** : आवश्यक निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान हो सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय में निश्चितता रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार की प्राप्ति संभव है।

**सिंह** : कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। निवेश लाभदायक रहेगा। घर में सुख-शांति रहेगी। उत्साह बना रहेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। संतान की चिंता रहेगी। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय में वृद्धि होगी।

**कन्या** : दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में सहकर्मियों का साथ रहेगा। थकान रहेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभप्रद रहेगा।

**तुला** : अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। सभी ओर से सफलता मिलेगी। प्रेम-प्रसंग में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। यात्रा सफल रहेगी।

**वृश्चिक** : दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। आय में निश्चितता रहेगी। राजभय रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में जल्दबाजी हानि देगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था में मुश्किल होगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। अनहोनी की आशंका रहेगी।

**धनु** : लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अधिकार प्राप्ति के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें। विवाद से बचें। लाभ होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। मानसिक बेचैनी रहेगी।

**मकर** : व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। राज्य से प्रसन्नता रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी। नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**कुंभ** : सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। थकान व कमजोरी महसूस हो सकती है। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। प्रसन्नता रहेगी। आंखों को चोट व रोग से बचाएं।

**मीन** : आय में निश्चितता रहेगी। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। सोच-समझकर निर्णय लें। पुराना रोग उभर सकता है। अनहोनी की आशंका रहेगी। मातहतों से कहासुनी हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# बाल-गाल का हो गया है बुरा हाल

## कहीं बॉडी में इस पोषक तत्व की कमी तो नहीं? जानें लक्षण, फूड सोर्स

शरीर, बाल, त्वचा को लंबी उम्र तक स्वस्थ रखने के लिए आपको कई तरह के पोषक तत्वों के सेवन की जरूरत होती है. विटामिंस, मिनरल्स शरीर को हेल्दी रखने के लिए बेहद जरूरी हैं. हमारा शरीर भी पानी और कई खनिज तत्वों से मिलकर बना है. बॉडी में आयरन, जिंक, कॉपर, मैंगनीज, सेलेनियम जैसे ट्रेस मिनरल्स पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए बहुत उपयोगी हैं. काफी लोग हेल्दी रहने के लिए सप्लीमेंट्स लेते हैं. एक ऐसा ही मिनरल है जिंक, जिसे अक्सर लोग नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन भोजन में जिंक से भरपूर फूड्स भी शामिल करना जरूरी है. शरीर में जिंक की कमी होने से कई तरह की समस्याएं शुरू हो सकती हैं. जानिए यहां जिंक की कमी होने के नुकसान...

### जिंक की कमी से क्या होता है?

-जिंक एक ऐसा मिनरल है, जिसकी जरूरत शरीर को काफी कम मात्रा में होती है, लेकिन शरीर को पर्याप्त मात्रा में जिंक न मिल पाए तो इसका असर पाचन शक्ति, त्वचा, बालों, हॉर्मोन, भूख में कमी और रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है. जिंक शरीर में 300 से ज्यादा एंजाइम को सक्रिय रखता है. शरीर की कोशिकाओं को सही तरीके से बनने में मदद करता है.

-शरीर में जिंक की कमी होने पर कुछ लक्षण नजर आते हैं जैसे बार-बार बुखार आना, स्किन पर एलर्जी होना, घावों का जल्दी न भरना, छोटे-छोटे काम करने पर थकान महसूस करना, बालों का झड़ना, असमय सफेद होना




आदि.जिंक की कमी दूर करने के लिए आप कुछ फूड्स के साथ जिंक के सप्लीमेंट्स ले सकते हैं, लेकिन अपने डॉक्टर से बात करके ही इसका सेवन करें.

### जिंक के मुख्य सोर्स

-जिंक की कमी दूर करने के लिए आप कुछ फूड्स का सेवन कर सकते हैं. जिंक मांसाहारी और शाकाहारी दोनों खाद्य पदार्थों में पाया जाता है. महिलाओं को प्रतिदिन 8 मिलीग्राम जिंक और पुरुषों को 11 मिलीग्राम जिंक की जरूरत होती है.

-जो महिलाएं मां बनी हैं, उनके लिए भी जिंक बहुत जरूरी है. अपने शिशु को स्तनपान कराने वाली महिलाओं को जिंक की अधिक जरूरत होती है. आप नॉनवेज खाती हैं तो सीप का सेवन कर सकती हैं. इसमें भरपूर मात्रा में जिंक होता है. 90 ग्राम सीप में 15 मिलीग्राम जिंक होता है. अगर इसे कम मात्रा में खाया जाए तो जिंक की डेली डोज पूरी की जा सकती है. 100 ग्राम मांस में 5 मिलीग्राम जिंक होता है, जबकि 100 ग्राम केकड़े से 6 मिलीग्राम जिंक मिल जाएगा.

-अगर आप शाकाहारी हैं तो ओट्स का सेवन करें. एक कटोरी ओट्स में 3 मिलीग्राम जिंक मिल पाता है. आप दूध के साथ ओट्स का सेवन कर सकते हैं.

-इसके अलावा, 30 ग्राम कद्दू के बीज में 2 मिलीग्राम जिंक होता है. अंडे में 1.2 मिलीग्राम, एक कप दूध से 1 मिलीग्राम जिंक पा सकते हैं. काजू में भी जिंक काफी होता है. 100 ग्राम काजू में लगभग 5 से 7 मिलीग्राम जिंक होता है. इसकी मात्रा को बढ़ाकर जिंक की डेली डोज को पूरा किया जा सकता है.

# सर्दियों में स्किन रूखी और बेजान हो जाती है?



सर्दियों की शुरुआत होते ही ठंडी हवाएं न सिर्फ शरीर को सिहराती हैं बल्कि त्वचा की नमी भी चुरा लेती है. नतीजा ड्राई, बेजान और स्किन रूखी हो जाती है. अगर आप भी चाहते हैं कि इस सर्दी में आपकी स्किन ग्लो करे और नेचुरली सॉफ्ट बनी रहे तो यह असरदार टिप्स अपना सकते हैं.

सर्दियों में स्किन धोने के बाद उसके प्राकृतिक तेल खत्म हो जाते हैं. ऐसे में त्वचा रूखी और बेजान सी लगने लगती है. ये तेल त्वचा में नमी बनाए रखते हैं. इसलिए चेहरे या हाथ धोने के तुरंत बाद मॉइस्चराइज़र लगाना बहुत ज़रूरी होता है. इससे त्वचा कोमल बने रहेंगे और ताजगी का भी एहसास होगा.

सर्दियों में सूरज कम दिखाई देता है, लेकिन यूवी किरणें त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती है. इसलिए मॉइस्चराइज़र लगाने के बाद हर सुबह सनस्क्रीन जरूर लगाने चाहिए, जिससे त्वचा रूखी और बेजान नहीं होगी और खिले-खिले रहेंगे.

सर्दियों में दिनभर पर्याप्त पानी पीना चाहिए. सही हाइड्रेशन से त्वचा की नमी बनी रहती है और रूखापन कम होता है. सिंथेटिक या तंग कपड़े त्वचा को चुभ सकते हैं. सर्दियों में आरामदायक, ढीले और सूती कपड़े पहनना चाहिए.

समय-समय पर त्वचा को पोषण देना जरूरी रहता है. खासकर रात में त्वचा को पोषण देना अत्यंत महत्ववर्ण है. एमोलिएंट्स लगाने से रात भर त्वचा को नमी और तेल मिलते हैं. हाथ-पैर पर लगाने के बाद दस्ताने या प्लास्टिक बैग पहनें ताकि वो फैलें नहीं.

गर्म पानी त्वचा के प्राकृतिक तेल को खत्म कर देता है. गुनगुने पानी से नहाएं और तौलिये से धीरे थपथपाकर शरीर पोंछन चाहिए. बाहर ठंड में निकलते समय और घर में बर्तन धोते समय दस्ताने पहनने चाहिए. ये हाथों की त्वचा को हाइड्रेटेड और चिकना रखने में मदद करता है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### सोनभद्र में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप खाई में पलटी, तीन मासूम समेत 16 घायल

**सोनभद्र.** सोनभद्र में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलट गई। इस हादसे में 3 मासूम समेत 16 दर्शनार्थी घायल हो गए। जिनमें से 13 की हालत गंभीर है। जानकारी के मुताबिक पिकअप में कुल 20 लोग सवार थे, जिसमें बच्चे भी शामिल थे। सभी चोपन थाना क्षेत्र के जमुअल गांव से पिकअप में सवार होकर जिरही देवी मंदिर दर्शन करने के लिए गए थे। चोपन थाना क्षेत्र के जमुअल गांव के रहने वाले तेजबली विश्वकर्मा के परिवार और उनके नाते-रिश्तेदार सहित लगभग 20 लोग शुक्रवार को एक पिकअप में सवार होकर जुगैल के जिरही देवी मंदिर दर्शन करने के लिए गए थे। मंदिर में दर्शन पूजन करने के बाद रात लगभग 9 बजे सभी लोग पिकअप से वापस लौट रहे थे। जिरही देवी मंदिर से कुछ दूर पहुंचने पर अचानक पिकअप अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इससे पिकअप में सवार 50 वर्षीय मंती, 30 वर्षीय रीना, 40 वर्षीय कवलेश्वरी, 50 वर्षीय श्रीकांती, 30 वर्षीय मंसिका, तीन वर्षीय नीतू, 25 वर्षीय अमरावती, 16 वर्षीय नागेन्द्र, 15 वर्षीय रामलाल, पांच वर्षीय शिवानी, 22 वर्षीय प्रीति, 10 वर्षीय उर्मिला, 50 वर्षीय बच्चन, 25 वर्षीय भुटाले, 15 वर्षीय सत्यम और पिकअप चालक घायल हो गए।

### मॉब लिंचिंग : चोरी के शक पर भीड़ ने दो युवकों को घसीटकर पीटा, कपड़े फाड़े

**झांसी.** यूपी के झांसी में मॉब लिंचिंग जैसा मामला सामने आया है। मऊरानीपुर रेलवे स्टेशन पर चोरी के शक में भीड़ ने दो युवकों की बेरहमी से पिटाई कर दी। भीड़ ने दोनों युवकों को घसीट-घसीट कर पीटा। इतना ही नहीं दोनों युवकों के कपड़े भी फाड़ डाले। भीड़ की पिटाई से दोनों युवक बुरी तरह से घायल हो गए। किसी ने उसकी मदद नहीं कि, उल्टे लोग तमाशा बनकर देखते रहे। किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।

### बेवफाई: शादी से मुकरने पर प्रेमी से मिलने घर पहुंची युवती, चौखट पर खा लिया जहर

**बरेली.** यूपी के बरेली से मोहब्बत में बेवफाई का मामला सामने आया है। एक युवती ने प्यार में धोखा खाने के बाद शनिवार को प्रेमी के घर के बाहर जहर खाकर जान देने की कोशिश की। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।मामला बारादरी थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, युवती का मोहल्ले के ही एक युवक से आठ साल से प्रेम संबंध था। युवक ने शादी का झांसा देकर युवती का लगातार शारीरिक शोषण किया। कुछ समय पहले वह दुबई काम करने चला गया था। तब भी दोनों फोन पर सम्पर्क में रहे और युवक उसे लगातार शादी की दिलासा देता रहा। करीब एक सप्ताह पहले युवक दुबई से लौट आया। इस पर युवती ने शादी करने को कहा तो युवक ने दहेज में 10 लाख रुपये और स्पोर्ट्स बाइक की मांग रख दी। युवती के परिजन ने असमर्थता जताई तो युवक ने शादी से इनकार कर दिया।

### स्पा सेंटरों पर अचानक पहुंची पुलिस; 6 लड़कों संग मिलीं 5 लड़कियां

**मथुरा.** यूपी के मथुरा में मसाज की आड़ में गंदा धंधा चल रहा था। कोतवाली के डैम्पियर नगर क्षेत्र के विकास मार्केट में चल रहे दो स्पा सैंटरों पर सीओ सिटी आशना चौधरी के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस ने मौके से पांच युवती और छह युवकों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई है। आईपीएस सीओ सिटी आशना चौधरी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से विकास मार्केट में संचालित ग्रीन बॉडी स्पा, हैप्पी बॉडी स्पा सेंटरों पर मसाज की आड़ में अवैध गतिविधि संचालित होने की सूचना मिल रही थी। शुक्रवार को सटीक सूचना पर एएसपी आशना चौधरी ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा की टीम संग शाम साढ़े पांच बजे विकास मार्केट में छापेमारी की। पुलिस ने विकास मार्केट में संचालित दो स्पा सेंटरों से छापेमारी के दौरान पांच युवती व छह युवकों को गिरफ्तार कर अपने साथ कोतवाली ले गयी। मौके से पुलिस को आपत्तिजनकर सामग्री भी मिली है।

# अमित शाह ने गिनाए लालू के आधा दर्जन घोटाले

- करप्शन पर RJD और कांग्रेस को घेरा

**पटना.** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बिहार दौरे का आज दूसरा दिन है। इस दौरान उन्होने खगड़िया में चुनाव सभा को संबोधित किया। शाह ने भ्रष्टाचार को लेकर आरजेडी और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होने कहा कि केंद्र में 11 साल से हमारी सरकार है, लेकिन आज तक मोदी और नीतीश सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं है। वहीं आरजेडी चीफ पर करप्शन का आरोप लगाते हुए आधा दर्जन घोटाले गिनाए।



शाह ने कहा कि लालू ने चारा घोटाला, लैंड फॉर जॉब घोटाला, आईआरसीटी घोटाला, अलकतरा घोटाला, बाढ़ राहत घोटाला, बीपीएससी भर्ती घोटाला, एबी एक्सपोर्ट घोटाला, और आय से अधिक संपति का घोटाला किया है। बिहार में जब से आरजेडी की सरकार आई तो तो घोटाले ही घोटाले हुए। उन्होने कांग्रेस को भी भ्रष्टाचार पर घेरा।

शाह ने कहा कि छोटे मियां तो छोटे मियां, बड़े मियां तो सुभानअल्लाह। लालू यादव ने इतने घोटाले किए और जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, जो 10 साल चली। जिसमें लालू भी मंत्री थे। उस सरकर ने 12 लाख करोड़ का घपला और घोटाला किया। केंद्र और बिहार में जिनका भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड हो, वो महागठबंधन या लठबंधन बिहार का विकास कर सकता है क्या? बिहार का विकास नरेंद्र मोदी और नीतीश बाबू ही कर सकते हैं, जिन पर एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, वहीं कर सकते हैं।

एनडीए सरकार की उपलब्धियां गिनाते केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि लालू यादव के शासन में हत्या, डकैती, फिरौती, अपहरण और नरसंहार जैसी घटनाएं रोज की बातें थीं। उनके समय में बिहार से उद्योग चले गए और राज्य पिछड़ा बन गया। वहीं, नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए ने जंगलराज को खत्म किया, परिवारवाद को खत्म किया और सबसे महत्वपूर्ण, बिहार को नक्सलवाद से मुक्त किया।

# कुर्नूल बस हादसा- ड्राइवर-क्लीनर गिरफ्तार

- दावा- बस में रखे 234 स्मार्ट फोन में ब्लास्ट से भड़की आग
- टकराने वाला बाइक सवार नशे में था



**कुर्नूल.** आंध्र प्रदेश के कुर्नूल में हुए बस हादसे में एक नया खुलासा हुआ है। शुक्रवार सुबह जिस बस में आग लगने से 20 यात्रियों की जलकर मौत हुई, उसमें 234 स्मार्टफोन रखे हुए थे। NDTV की रिपोर्ट के मुताबिक, फोरेंसिक टीम का कहना है कि इन फोन की बैटरी में ब्लास्ट के कारण ही आग तेजी से भड़की, जिससे यात्रियों को बचने का मौका नहीं मिला।

इधर, कुर्नूल पुलिस ने हादसे के बाद भागे ड्राइव मिरियाला लक्ष्मैया और क्लीनर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आग लगने के बाद जब बस रुकी, तो दोनों पैसेंजर डोर से बाहर कूद गए। उन्हें हादसे की गंभीरता का अंदाजा नहीं था। NH-44 पर चिन्नातेकुरु गांव के पास बस और बाइक के बीच टक्कर होने से 20 लोगों की जलकर मौत हुई, इनमें 17 यात्री और एक टक्ककर मारने वाला बाइक सवार शामिल है। 19 यात्रियों ने बस से कूदकर जान बचाई। बुरी तरह झुलसे घायलों को सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। इधर, एक वीडियो सामने आया है, जिसे लेकर दावा किया जा रहा है कि वह बस से टकराने वाला बाइक सवार शिवशंकर ही है। वह नशे में धुत था। यह CCTV फुटेज घटनास्थल के पास के पेट्रोल पंप का बताया गया है।

# 'किसने बेच दी आत्मा?'

- राज्यसभा चुनाव में बीजेपी को कहां से मिल गए ये 4 वोट
- भड़के उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर में राज्यसभा की चार सीटों के लिए हुए चुनाव में भले ही नेशनल कॉन्फ्रेंस ने तीन सीटें जीतकर बाजी मार ली है लेकिन सीएम उमर अब्दुल्ला बीजेपी पर भड़के हुए हैं। अब्दुल्ला ने कहा कि बीजेपी के जब केवल 28 विधायक हैं तो आखिर 32 वोट कैसे मिल गए? हैरानी जताते हुए उन्होने कहा कि उनके किसी विधायक ने क्रॉस वोटिंग नहीं की है। ऐसे में सवाल उठता है कि बीजेपी को चार अतिरिक्त वोट मिले तो मिले कैसे?

अब्दुल्ला ने कहा कि उनके एजेंटों ने सारी पर्चियां देखी हैं। आखिर वे कौन विधायक थे जिन्होंने वोट देने के समय गलत वरीयता संख्या डाली और अपना वोट रद्द करवा दिया? क्या उनमें हिम्मत है कि वे बीजेपी के साथ जाने की बात खुलकर स्वीकार करें। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने



ऐसा किया है उन्होंने बीजेपी के लिए अपनी आत्मा बेच दी और वे इसे खुलकर स्वीकार भी नहीं कर सकते।

बता दें कि जम्मू-कश्मीर में हुए राज्यसभा चुनाव में बीजेपी ने चारों सीट पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। हालांकि केवल राज्य में बीजेपी इकाई के चीफ सत शर्मा को ही जीत हासिल हुई। उन्हें कुल 32 वोट मिले जबकि बीजेपी के पास केवल 28 का ही संख्याबल था। नेशनल कॉन्फ्रेंस के चौधरी मोहम्मद के सामने बीजेपी के अली मोहम्मद मीर थे जिन्हें हार का सामना करना पड़ा। एनसी को 58 वोट मिले थे जबकि बीजेपी प्रत्याशी को 28 ही वोट मिल पाए थे।

दूसरी सीट पर एनसी के सज्जाद किचलू थे और उनका मुकाबला बीजेपी के राकेश महाजन था। किचलू 57 वोट पाकर जीत गए और बीजेपी प्रत्याशी को 28 वोट मिले। इसके अलावा एनसी ने जीएस ओबेरॉय उर्फ शमी ओबेरॉय और नबी डार को उतारा था। जम्मू-कश्मीर से राज्यसभा के लिए बीजेपी के केवल सत शर्मा ही चुने गए। तीन वोट रद्द हो गए थे और सत शर्मा को 32 वोट मिले। ऐसे में अटकलें लगाई जा रही हैं कि निरद्लीय विधायकों ने सत शर्मा को वोट दे दिया। उमर अब्दुल्ला का कहना है कि निर्दलीय विधायकों ने उनका ही समर्थन करने का वादा किया था।

इमरान नबी डार ने बीजेपी पर खरीद फरोख्त का आरोप लगा दिया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी कभी ईमानदारी से चुनाव नहीं लड़ती। यह एक बार फिर देखने को मिला है। जब बीजेपी के पास केवल 28 विधायक हैं तो आखिर उसे 32 वोट कैसे मिल गए? वहीं सत शर्मा ने कहा कि जिन चार विधायकों ने अंतरात्मा की आवाज सुनी उन्होंने बीजेपी का समर्थन किया है।

# दिल्ली में AQI लेवल 400 पार

- अस्थमा-एलर्जी के मरीज बढ़े
- डॉक्टर्स की सलाह- मास्क लगाकर निकलें

**नई दिल्ली.** दीवाली के बाद से दिल्ली-NCR की हवा में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। शनिवार को पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार में AQI लेवल 412 दर्ज किया गया। जिससे प्रदूषण गंभीर कैटेगरी में पहुंच गया है। कई इलाकों में हवा की क्वालिटी खराब है। इसलिए जनपथ रोड पर पार्टिकुलेट मैटर के



हाईलेवल से निपटने के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। दिवाली के बाद केवल दो दिनों के भीतर सांस लेने में कठिनाई, अस्थमा के दौरे और एलर्जिक ब्रोंकाइटिस के रोगियों में लगभग 30% की बढ़ोतरी देखी गई है। डॉक्टरों ने मास्क लगाने की सलाह दी है।

उधर बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनता नजर आ रहा है। 27 अक्टूबर को इसके चक्रवात में तब्दील होने की संभावना है। तूफान का नाम मोन्था रखा जा सकता है, जो थाईलैंड ने दिया है। जिसका अर्थ है सुगंधित फूल या सुंदर फूल। IMD का कहना है बंगाल की खाड़ी में बना दबाव क्षेत्र तूफान में बदल जाएगा, जिसमें 110 kmph की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। इससे आंध्र प्रदेश, रायलसीमा, तमिलनाडु, ओडिशा और तेलंगाना में भारी बारिश हो सकती है।

### चीन में भूकंप के झटके

चीन में शनिवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.5 रही है। धरती चीन के जिलिन प्रांत में हिली है, जिसका बॉर्डर नॉर्थ कोरिया से लगता है।

शिन्हुआ के अनुसार, भूकंप चीन के शहर हुनचुन में लोकल टाइम के हिसाब से शाम 7:45 बजे आया, जिसका सेंटर 560 किलोमीटर (348 मील) की गहराई पर था।

# 5 मंदिरों पर लिखा आई लव मोहम्मद, तनाव

- ऐक्शन पर अड़ी करणी सेना

**अलीगढ़.** यूपी में आई लव मोहम्मद को लेकर पनपी चिंगारी शनिवार को फिर से अलीगढ़ में सुलग उठी। यहां लोधा क्षेत्र के दो गांवों में पांच मंदिरों में किसी ने आई लव मोहम्मद लिख दिया। इसके विरोध में करणी सेना और हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर दिया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। जैसे तैसे पुलिस ने इनको समझाकर शांत किया। इसके बाद लिखे गए शब्दों को मिटवाया गया। फिलहाल लोग थाने में जुटे हुए हैं। मामले में कुछ लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी जा रही है।

लोधा क्षेत्र के गांव बुलाकगढ़ी में दो, जबकि गांव भगवानपुर में दो मंदिरों में अराजतत्वों द्वारा आई लव मोहम्मद लिखा गया था। शनिवार सुबह ग्रामीणों की इस पर नजर पड़ी तो आक्रोश पनप गया। गांव के ही करणी सेना के एक कार्यकर्ता सचिन




मौके पर पहुंचे। उन्होंने अन्य पदाधिकारियों को सूचना दे दी। पुलिस लिखे हुए शब्दों को मिटाने लगी तो सचिन ने विरोध कर दिया। इस पर पुलिस उसे गाड़ी में बिठाकर थाने ले गई। इससे लोगों का गुस्सा और भड़क उठा। तब तक करणी सेना के वरिष्ठ पदाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह चौहान व अन्य लोग आ गए और हंगामा कर दिया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। सूचना पर सीओ गभाना संजीव कुमार तोमर दो थानों के पुलिस बल के साथ पहुंचे। इसके बाद हंगामा को शांत किया गया। बाद में कार्यकर्ता थाने में जुट गए। यहां तहरीर दी जा रही थी। सीओ गभाना संजीव कुमार तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# डॉक्टर आत्महत्या केस: मकान मालिक का बेटा गिरफ्तार

- 4 पेज का सुसाइड नोट मिला
- इसमें सांसद और उनके 2 PA के भी नाम

**सातारा.** सातारा में फलटण के होटल में सुसाइड करने वाली डॉक्टर का सुसाइड केस में पुलिस ने पहली गिरफ्तारी की है। पुलिस ने डॉक्टर के मकान मालिक के बेटे प्रशांत को हिरासत में लिया है। प्रशांत बांकर पर रेप और आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज है। डॉक्टर ने 23 अक्टूबर को सुसाइड किया था। उसने अपने हाथ पर लिखे नोट में सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रशांत बांकर पर मेंटली हेरैस करने का आरोप लगाया है।

हथेली पर सब-इंस्पेक्टर गोपाल बदने का नाम भी लिखा था। आरोप है कि बदने ने पिछले 5 महीने में 4 बार डॉक्टर का रेप किया। बदने भी आरोपियों के फर्जी फिटनेस सर्टिफिकेट बनाने का दबाव बना रहा था।



गोपाल बदने भी रेप और आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है। CM देवेंद्र फडणवीस ने सतारा के SP को आरोपी सब-इंस्पेक्टर को सस्पेंड करने के आदेश दिए हैं। महिला डॉक्टर बीड जिले की रहने वाली थी और फलटण तहसील के सरकारी अस्पताल में काम करती थी।

पुलिस को 4 पेज का एक और सुसाइड नोट मिला है। जिसमें एक सांसद और उसके दो PA का नाम है। आरोप है कि ये लोग डॉक्टर पर आरोपियों के फर्जी फिटनेस सर्टिफिकेट बनाने का दबाव बना रहे थे। मना करने पर सांसद ने महिला डॉक्टर को फोन किया था।

डॉक्टर ने सुसाइड नोट में लिखा है कि सांसद के दो पर्सनल असिस्टेंट अस्पताल आए थे। दोनों ने उस पर अन्य केस से जुड़े आरोपियों के फर्जी फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने का दबाव बनाया। जो आरोपी अस्पताल नहीं आए उनके भी फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने का बोलते थे। मैंने ऐसा करने से मना किया तो मेरी सांसद से फोन पर बात कराई थी।

# सिडनी में रोहित के बाद कोहली ने ठोकी फिफ्टी



- विकेट के लिए तरसे कंगारू

सिडनी वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 237 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम ने 30 ओवर में एक विकेट पर 183 रन बना लिए हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली जोड़ी क्रीज पर हैं। दोनों ने शतकीय साझेदारी की। रोहित शर्मा ने 60वां और विराट कोहली ने 75वां वनडे अर्धशतक बनाया। कप्तान शुभमन गिल 24 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जोश हेजलवुड ने विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराया। अगली बॉल पर कोहली सिंगल लेकर खाता खोला। उन्होंने अपना पहला रन सेलिब्रेट किया।

इससे पहले टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए ऑस्ट्रेलिया 46.4 ओवर में 236 रन पर ऑलआउट हो गया। उसने एक समय 3 विकेट पर 183 रन बना लिए थे। आखिरी 7 बल्लेबाज 53 रन बनाने में आउट हुए।

भारत की ओर से हर्षित राणा ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। वॉशिंगटन सुंदर ने 2 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया के लिए मैट रेनशॉ ने सबसे ज्यादा 56 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया 2 मैच जीतकर पहले ही सीरीज अपने नाम कर चुका है।

### कंगारुओं ने पावरप्ले में एक विकेट ही गंवाया

टॉस जीतकर बैटिंग कर रही ऑस्ट्रेलिया ने पावरप्ले-1 में 67 रन बनाने में एक विकेट गंवाया था। जबकि, मैच के शुरुआती ओवर्स में बॉल स्विंग हो रही थी। ऐसे में मिचेल मार्श और ट्रैविस हेड ने संभलकर बल्लेबाजी की और पहले विकेट के लिए 67 रन जोड़ लिए। हेड को मोहम्मद सिराज ने प्रसिद्ध कृष्णा के हाथों कैच कराया। पावरप्ले के बाद अक्षर पटेल ने कप्तान मिचेल मार्श को बोल्ड कर दिया।

# पाकिस्तान ने अमेरिका को सौंप दिए थे परमाणु हथियार

- खुफिया एजेंसी CIA के पूर्व अफसर बोले- हमने मुशर्रफ को 'खरीद' लिया था

पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने अपने देश के परमाणु हथियारों का नियंत्रण अमेरिका को सौंप दिया था। अमेरिकी खुफिया एजेंसी CIA के पूर्व अफसर जॉन किरियाकू ने शुक्रवार को यह दावा किया है।

किरियाकू ने कहा कि अमेरिका ने मुशर्रफ को लाखों डॉलर की मदद के जरिए 'खरीद' लिया था। उनके शासनकाल में अमेरिका को पाकिस्तान की सुरक्षा और सैन्य गतिविधियों तक लगभग पूरी पहुंच थी। उन्होंने कहा, हमने लाखों डॉलर की सैन्य और आर्थिक मदद दी। बदले में मुशर्रफ ने हमें सब कुछ करने दिया।

किरियाकू ने यह बयान न्यूज एजेंसी ANI को दिए इंटरव्यू में दिया। उन्होंने यह भी कहा कि मुशर्रफ ने दोहरे खेल खेले। उन्होंने एक तरफ अमेरिका के साथ दिखावा किया



और दूसरी ओर पाकिस्तान की सेना और चरमपंथियों को भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियां जारी रखने दिया।

- '2002 में भारत-पाकिस्तान युद्ध होने वाला था'

किरियाकू ने बताया कि 2002 में भारत और पाकिस्तान युद्ध के कगार पर थे। उन्होंने कहा, इस्लामाबाद से अमेरिकी अधिकारियों के परिवारों को निकाल लिया गया था। हमें लगा कि भारत और पाकिस्तान युद्ध में उतर सकते हैं। उन्होंने 2001 में संसद हमले के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन पराक्रम का जिक्र किया। किरियाकू ने दावा किया कि अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने दिल्ली और इस्लामाबाद का दौरा कर दोनों देशों के बीच समझौता करवाया। 2008 मुंबई हमलों पर बात करते हुए किरियाकू ने कहा कि मुझे नहीं लगता था कि यह अल-कायदा है। मुझे हमेशा लगता रहा कि ये पाकिस्तान समर्थित आतंकी समूह थे। और ऐसा ही साबित हुआ। असली कहानी यह थी कि पाकिस्तान भारत में आतंकवाद फैला रहा था और किसी ने कुछ नहीं किया।

# मेरे पिता ने CM बनाने के लिए पार्टी तक कुर्बान कर दी फिर भी मुसलमानों ने नहीं दिया साथ -चिराग पासवान

**पटना.** बिहार में महागठबंधन की तरफ से तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री और वीआईपी चीफ मुकेश सहनी को डिप्टी सीएम का उम्मीदवार घोषित किया गया है। इस घोषणा के साथ ही मुस्लिम समुदाय की तरफ से अपनी भागीदारी की मांग उठाई जा रही है। कुछ मुस्लिमों ने सोशल मीडिया में महागठबंधन के फैसले की आलोचना भी की है। इसके लिए उन्होंने अपनी जनसंख्या का हवाला दिया।

डिप्टी सीएम फेस को लेकर जारी बहस के बीच लोजपा (रामविलास) के चीफ और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मुस्लिमों को अपने पिता रामविलास पासवान के उस फैसले की याद दिलाई है जिसमें उन्होंने बिहार में मुस्लिम मुख्यमंत्री बनाने



की मांग की थी। चिराग ने इस बात को लेकर भी दुख जताया कि इसके बावजूद बिहार के मुसलमानों ने उनकी पार्टी का साथ नहीं दिया।

चिराग पासवान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मेटा पर लिखते हैं, '2005 में मेरे नेता मेरे पिता स्व. रामविलास पासवान जी ने मुस्लिम मुख्यमंत्री बनाने के लिए अपनी पार्टी तक कुर्बान कर दी थी। तब भी आपने उनका साथ नहीं दिया। राजद 2005 में भी मुस्लिम मुख्यमंत्री के लिए तैयार नहीं था, आज 2025 में भी न मुस्लिम मुख्यमंत्री देने को तैयार है, न उपमुख्यमंत्री! अगर आप बंधुआ वोट बैंक बनकर रहेंगे, तो सम्मान और भागीदारी कैसे मिलेगी?"

इससे पहले पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए चिराग पासवान ने कहा था, ' इंडिया गठबंधन यादवों और सहनी समाज के नाम पर राजनीति कर रहा है, लेकिन मुसलमानों की बात वह केवल वोट के समय करता है। मुसलमानों की जनसंख्या बिहार में लगभग 18 फीसदी है, फिर भी इंडिया गठबंधन ने किसी मुस्लिम नेता को मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री या किसी प्रमुख पद का उम्मीदवार नहीं बनाया।'

### मुसलमानों को सत्ता की भागीदारी से वंचित रखा

उन्होंने कहा, 'तेजस्वी यादव, यादव समाज से हैं, जिनकी आबादी करीब 13 फीसदी है, जबकि मुकेश सहनी, साहनी समाज से आते हैं, जिनकी आबादी लगभग 2 फीसदी है। लेकिन 18 फीसदी मुस्लिम आबादी के बावजूद, मुसलमानों को सत्ता की भागीदारी से वंचित रखा गया है। ये लोग सिर्फ मुसलमानों को डराकर और भावनात्मक मुद्दों पर भड़का कर वोट लेना जानते हैं, उन्हें असली प्रतिनिधित्व देने की उनकी नीयत कभी नहीं रही।'

# इंजीनियर ने कार से 8 को रौंदा, 5 की मौत

- आगरा में डिलीवरी बॉय को टक्कर मारी
- फिर भागने में 4 को और मार डाला

**आगरा.** आगरा में बेकाबू कार ने डिलीवरी बॉय समेत 8 लोगों को रौंद दिया। हादसे में 5 की मौत हो गई। 3 लोग घायल हैं, इनमें से 2 की हालत गंभीर है। घटना शुक्रवार रात की है।

हादसे वाली जगह के नजदीक पुलिस चेकिंग कर रही थी। यह देखकर कार चला रहा अंशुल घबरा गया। वहां से भागने के लिए उसने स्पीड बढ़ाकर 100 से ज्यादा कर ली। उसने पहले डिलीवरी बॉय को टक्कर मारी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

अंशुल फिर भी नहीं रुका। उसने 400 मीटर के दायरे में दो जगहों पर 7 और लोगों को रौंद दिया। इसमें 4 की जान चली गई। इसके बाद कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे के बाद लोगों ने कार चालक अंशुल को पकड़ लिया और पीट दिया। भीड़ ने हंगामा शुरू कर दिया।

बवाल की सूचना पर कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस ने जैसे-तैसे भीड़ से अंशुल को बचाया और थाने लेकर आई। हादसा शुक्रवार रात न्यू आगरा थाने से कुछ ही दूरी पर नगला पुरी में हुआ। पुलिस ने बताया कि अंशुल गुप्ता दयालबाग का रहने वाला है। वह नोएडा में एरिक्सन कंपनी में इंजीनियर है। लोगों का कहना है कि वह नशे में था। गनीमत रही कि कार पलटने पर एयरबैग खुल गए, जिससे उसे चोट नहीं आई।

संक्षेप...

## वहाल के पास खाड़ी में मिला शव

■ नहीं हुई शिनाख्त, परिजनों की तलाश

**नवी मुंबई.** पनवेल तहसील के तहत आने वाले वहाल गांव के पास खाड़ी के पानी में एक 30 वर्षीय युवक का शव मिला है. उलवे पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल में भेजा है. उलवे पुलिस स्टेशन के पुलिस उपनिरीक्षक शिवाजी पोफले ने मीडिया को बताया कि मृतक के पास से ऐसी कोई चीज नहीं मिली है, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके. उसकी शिनाख्त करने के लिए पुलिस उसके परिजनों की तलाश कर रही है. अगर किसी को उक्त व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी हो, तो वे उलवे पुलिस स्टेशन से संपर्क करें.

# 'सबका फोन ट्रैक हो रहा...'

## महाराष्ट्र के मंत्री के बयान पर सियासी बवाल; बाद में दी सफाई

**मुंबई.** महाराष्ट्र में होने वाले स्थानीय और निकाय चुनावों से पहले राज्य के राजस्व मंत्री और बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने एक बयान देकर हलचल मचा दी है। उन्होंने 23 अक्टूबर को भाजपा के एक कार्यक्रम में कहा कि सबके मोबाइल और व्हाट्सऐप पर निगरानी रखी जा रही है। इस बयान के बाद विपक्ष खासकर शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद संजय राउत भड़क गए। उन्होंने कहा कि बावनकुले के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाए।

विवाद बढ़ने के बाद बावनकुले ने शुक्रवार को सफाई दी कि उन्होंने जो कहा था, उसका मतलब गलत समझा गया। उन्होंने बताया कि बीजेपी के एक लाख व्हाट्सऐप ग्रुप पार्टी के वॉर रूम से जुड़े हैं, जहां से कार्यकर्ताओं की गतिविधियों और संवाद पर नजर रखी जाती है, ताकि चुनावी कामकाज बेहतर हो सके।

बावनकुले ने कहा, 'हमारे वर्करों के काम, उनकी टिप्पणियां और प्रतिक्रियाएं पार्टी के वॉर रूम में देखी जाती हैं। इससे यह पता चलता है कि सरकार की योजनाएं कितनी असरदार हैं और लोगों तक कैसे पहुंच रही हैं।'

भाजपा नेता ने आगे कहा कि पार्टी अपने ग्रुपों में आने वाले



संदेशों से माहौल समझती है और उसी आधार पर निर्णय लेती है। उन्होंने कहा, 'अगर कोई नकारात्मक टिप्पणी आती है कि उसे हटाया जाता है और सकारात्मक माहौल बनाया जाता है। यह हमारे संगठन के काम का हिस्सा है। राउत कौन होते हैं यह तय करने वाले कि हम पार्टी में क्या करें?'

### बावनकुले का बड़ा दावा

स्थानीय और नगर निकाय चुनावों पर बात करते हुए बावनकुले ने दावा किया कि महायुति (बीजेपी, शिवसेना, एनसीपी) गठबंधन 51% वोट हासिल करेगा। उन्होंने कहा, 'महा विकास आघाड़ी चाहे जितनी एकजुट हो जाए, उसे एक भी जिला परिषद या नगर परिषद नहीं मिलेगी।'

उन्होंने बताया कि हर जिले में तीन नेताओं की कमेटी बनाई गई है ताकि टिकट बंटवारे को लेकर कोई विवाद न हो। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि गठबंधन के भीतर आपसी मतभेद से बचें और विपक्ष को असली प्रतिद्वंदी मानें।

### 'कांग्रेस में संवाद की कमी'

बावनकुले ने यह भी कहा कि कई कांग्रेस नेता बीजेपी में आने के इच्छुक हैं, क्योंकि उन्हें पार्टी में संवाद की कमी महसूस होती है। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस में अच्छे पदाधिकारी किनारे कर दिए जाते हैं, जबकि बीजेपी में कोई भी कार्यकर्ता वरिष्ठ नेताओं से सीधे मिल सकता है। यह हमारी ताकत है।'

स्वाभिमान सेवा संस्था भिवंडी द्वारा

## 'स्वाभिमान श्री' भव्य किला प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण



**भिवंडी.** स्वाभिमान सेवा संस्था संस्थापक वरिष्ठ पार्षद संतोष एम. शेट्टी की अध्यक्षता में पद्मा नगर स्थित जनसंपर्क कार्यालय प्रांगड़ में छत्रपति शिवाजी महाराज के ऐतिहासिक और प्रेरणा देने वाले कामों के सम्मान और छत्रपति शिवाजी महाराज के किलों की हूबहू प्रतिकृति बनाने वाले बाल मावलों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनपा वरिष्ठ पूर्व नगरसेवक

संतोष शेट्टी ने सभी बच्चों सहित संयोजक की दिल से तारीफ़ की. शेट्टी ने कहा कि, किला सिर्फ़ एक निर्माण नहीं अपितु शिव भक्ति का एक सच्चा तरीका है. हर किला कहता है कि स्वराज्य अभी ज़िंदा है. छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता, स्वराज्य और संस्कृति की विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए ऐसी कोशिशों की बहुत ज़रूरत है. उक्त मौके पर स्वाभिमान सेवा संस्थाध्यक्ष हसमुख पटेल, उद्यमी मोहन वल्लाल, मार्कंडेय महामुनि पुस्तकालय समिति अध्यक्ष श्रीनिवास गावड़ा, सिद्धिविनायक भक्त सेवा मंडल अध्यक्ष ईश्वर पामू, रमेश पुजारी, मोहन कोंडा, श्रीनिवास अडेप, श्रीनिवास कुसमा, रमेश संबारी, ज्ञानेश्वर चिंतेवार, केतन मालदे, प्रसाद बुरा, राम बुरा, सागर, राकेश और मनीष मिश्रा सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे.

कार्यक्रम में उपस्थित तमाम गणमान्य लोगों ने पूर्व वरिष्ठ पार्षद संतोष शेट्टी द्वारा महाराष्ट्र के आराध्य दैवत छत्रपति शिवाजी महाराज की धरोहर किला को बच्चों को प्रेरणा देकर निर्मित कराए जाने पर बधाई दी. शेट्टी सहित गणमान्य अतिथियों द्वारा मेधावी बच्चों को ट्राफी, प्रशस्तिपत्र प्रदान कर गौरव किया गया. कार्यक्रम को लोगों का भारी प्रतिसाद मिला. समूचा प्रांगण शिव भक्ति और स्वाभिमान के नारों से घंटों तक गूंजता सुनाई पड़ा.

# कल्याण पूर्व के कैलाशनगर में गुंडों का आतंक

■ 16 साल के लड़के की बेरहमी से पिटाई

**कल्याण.** कल्याण पूर्व के साहिल उर्फ बिट्या संजय मोरे और उसके दो समर्थकों ने रात में सड़क पर आइसक्रीम खाकर घर जा रहे एक 16 साल के लड़के को रोककर उसकी बेरहमी से पिटाई की। इस नाबालिग लड़के की शिकायत के आधार पर कोलसेवाड़ी पुलिस ने इस मारपीट मामले में बिट्या और उसके गुंडों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह मारपीट कल्याण पूर्व के कैलाशनगर इलाके के हनुमाननगर विट्ठलवाड़ी इलाके में रात करीब 10:30 बजे हुई।

नाबालिग लड़के की शिकायत के आधार पर पुलिस ने तीन गुंडों साहिल उर्फ बिट्या संजय मोरे, दीपक ढेरे और साहिल (पूरा नाम नहीं दिया गया) के खिलाफ मामला दर्ज किया है। विट्ठलवाड़ी कैलासनगर क्षेत्र में इन तीन गुंडों का आतंक बढ़ने के साथ ही क्षेत्रवासी इनके उत्पात से परेशान हैं। इन गुंडों के उत्पात के कारण परिवार अपनी बेटियों को घर से बाहर नहीं भेज रहे हैं। कैलासनगर क्षेत्र के नागरिक पुलिस से इन तीनों गुंडों पर लगाम कसने की मांग कर रहे हैं। इन तीनों गुंडों के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम, भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस स्टेशन में दी गई शिकायत में 16 वर्षीय नाबालिग ने बताया कि वह अपने घर के हनुमान मंदिर के पास एक ठेले पर गया और वहां आइसक्रीम खाई। रात के 10:30 बज रहे थे। आइसक्रीम खाने के बाद मैं अकेला घर लौट रहा था। उस समय रास्ते में मुझे मेरे जानने वाले तीन लोग साहिल उर्फ बिट्या, दीपक ढेरे और साहिल मिले। उन्होंने मुझसे कहा, 'अपने पिता से कहो कि थाने में दी गई शिकायत वापस ले लें, नहीं तो हम झगड़ा करेंगे।'

बिट्या और उसके दो समर्थक गुंडों ने अचानक शिकायतकर्ता नाबालिग के साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। नाबालिग लड़का तीन गुंडों के चंगुल में फंस गया था। वह मदद के लिए चिल्ला रहा था क्योंकि उसे पीटा जा रहा था। लेकिन चूंकि इन तीन गुंडों ने इलाके में दहशत फैला रखी थी, इसलिए कोई भी लड़के को बचाने के लिए आगे नहीं आया और न ही घर से बाहर आया। इन तीनों ने मिलकर लड़के को पकड़ लिया और उसे घसीटते हुए जनसेवा मंडल कार्यालय क्षेत्र में ले गए। उन्होंने वहां उसकी पिटाई की। तीनों गुंडों ने जोर-जोर से चिल्लाकर इलाके में दहशत फैला दी। इलाके के निवासियों ने अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए। दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं और चले गए।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**नवी मुंबई.** पुराने मुंबई-पुणे राजमार्ग पर दांड फाटा के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक 35 वर्षीय युवक की मौत हुई. जिसके शव को पोस्टमार्टम के लिए पनवेल के उप जिला अस्पताल में भेजा है. इस मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है. पनवेल तालुका पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक प्रदीप पोपटे का कहना है कि मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है. यदि किसी को उक्त युवक के बारे में कोई जानकारी हो तो पनवेल तालुका पुलिस स्टेशन से संपर्क करें.

# SST कॉलेज के 'ड्रामॅनॉमिक्स' का जलवा

■ राज्य स्तरीय कला उत्सव में तृतीय स्थान




**उल्हासनगर.** एसएसटी कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, उल्हासनगर–४ के 'संजिवनी सांस्कृतिक समिति' के अंतर्गत कार्यरत 'ड्रामॅनॉमिक्स' टीम ने अपने प्रभावशाली अभिनय, हृदयस्पर्शी प्रस्तुति और दमदार निर्देशन के बल पर राज्य स्तरीय कला उत्सव 2025–26 में तृतीय स्थान (कांस्य पुरस्कार) प्राप्त कर एसएसटी कॉलेज का नाम गौरवान्वित किया है।

यह प्रतियोगिता राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (SCERT), महाराष्ट्र की ओर से आयोजित की गई थी। ठाणे जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए एसएसटी के कलाकारों ने अपने उत्कृष्ट अभिनय कौशल से दर्शकों और निर्णायकों का दिल जीत लिया। नाटक का लेखन एवं निर्देशन श्री सदान जावरे ने किया, जबकि प्रा. सुदर्शन पाटिल ने मार्गदर्शन किया।

इस नाटक में वैभवी रोकड़े, जनार्दन पवार, तुलसी तलवार और अरविंद मोरे ने शानदार अभिनय प्रस्तुत किया। समाज की वास्तविकताओं को उजागर करते हुए उनके सशक्त अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी ने टीम को बधाई देते हुए कहा, 'हमारे विद्यार्थियों ने केवल अभिनय ही नहीं किया, बल्कि एक प्रभावशाली सामाजिक संदेश भी प्रस्तुत किया है — यह हमारे लिए गर्व की बात है।' पूरे एसएसटी कॉलेज परिवार ने 'ड्रामॅनॉमिक्स' टीम को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## 114 वर्षीय विठाबाई पाटिल ने ली अंतिम सांस

**ठाणे.** महाराष्ट्र की सबसे बुजुर्ग महिला मानी जा रहीं ठाणे पूर्व के कोपरी गांव की निवासी 114 वर्षीय विठाबाई पाटिल का शनिवार को सुबह वृद्धावस्था के कारण निधन हो गया. गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया. विठाबाई पाटिल अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गयी हैं. उन्होने अपने जीवन मेन पाँच पीढ़ियों को देखा था. 113 वर्ष की आयु में, उन्होने 2024 के चुनावों में अपने परिवार के साथ मतदान केंद्र पर जाकर वोट दिया था. विठाबाई पाटिल का जन्म 1911 में शीलगांव (कल्याण) में हुआ था. शादी के बाद, वह कोपरी गांव में बस गईं. वह एक मजबूत महिला थीं जिन्होंने जीवन भर आगरी-कोली परंपरा, कड़ी मेहनत और मिट्टी से जुड़ाव के मूल्यों को संजोया. उनके पीछे छह बच्चों, छह बहुओं, पोते-पोतियों और परपोतों का एक बड़ा परिवार है.

## आदिवासी आश्रम स्कूल के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का मोर्चा



**भिवंडी.** महाराष्ट्र सरकार के आदिवासी आश्रम स्कूल में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के निजीकरण और सरकार द्वारा बार-बार किए गए वादों को पूरा न करने के विरोध में, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संगठन और पूरे आदिवासी समुदाय की ओर से प्रदर्शनकारियों के एक चुनिंदा समूह ने नासिक में अपना 110-दिवसीय आंदोलन जारी रखा. ग्राम पंचायतों के प्रस्तावों को अपने सिर पर टोकरी में लेकर, शुरुआती क्रांतिकारी राघोजी भांगरे की प्रतिमा को अपने सिर पर लेकर, आदिवासी आश्रम स्कूल में 1791 शिक्षकों को बाहरी स्त्रोतों से भरने के आदेश को तुरंत रद्द करने, शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत पूर्व वर्ग तीन और चार कर्मचारियों को स्कूल के पहले दिन से दैनिक वेतन के आधार पर पेश करने का आदेश देने की मांग की. प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि वर्ग चार कर्मचारियों के मृत संवर्ग में पदों को तुरंत पुनर्जीवित किया जाए और 16 नवंबर, 2022 की संशोधित संरचना को रद्द किया जाए. मोर्चा अध्यक्ष ललित कुमार चौधरी ने बताया कि, 14 अक्टूबर से निकले प्रदर्शनकारी 27 अक्टूबर को राजभवन कूच करेंगे. हम अपनी मांगों को लेकर राज्य सरकार से लगातार माँग कर रहे हैं, लेकिन उनकी अनदेखी से हम निराश हैं. राज्य सरकार के मुखिया राज्यपाल से न्याय की गुहार लगाने निकले हैं. प्रदर्शनकारियों ने माँगें न माने जाने पर आत्मदाह की चेतावनी दी है. उनकी मांग है कि, प्राथमिक विकास विभाग के अधीन राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में बाह्य स्त्रोतों से संविदा/युक्तिकरण के आधार पर शिक्षकों के 1791 पदों पर भर्ती के संबंध में 21 मई 2025 के शासनादेश को तत्काल निरस्त किया जाए. पिछले 2 शैक्षिक सत्र 2024/2025 के कार्यरत वर्ग 3 एवं वर्ग 4 के शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से विद्यालय में स्थानांतरित किया जाए.

# सीएम फडणवीस के बयान ने मचाई हलचल!

**मुंबई.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का एक बयान इन दिनों राज्य की सियासत में चर्चा का विषय बना हुआ है. बीते दिनों पत्रकारों से बात करते हुए भारतीय जनता पार्टी के नेता ने कहा था- 'दिल्ली अभी दूर है.' उनके इस बयान के कई मायने निकाले जा रहे हैं. सियासी हलकों में माना जा रहा है कि फडणवीस ने एक बयान से दो निशाने साधे हैं. पहला तो यह कि फडणवीस, महायुति के घटक दलों के नेताओं को यह संदेश देना चाहते हैं कि वही आगामी चुनावों तक मुख्यमंत्री रहेंगे. दूसरा वह राज्य की बीजेपी इकाई को भी यह मैसेज भेजना चाहते हैं कि वह अभी केंद्रीय राजनीति में कदम नहीं रखेंगे और राज्य में ही काम करते रहेंगे.

### फडणवीस के बयान पर बोली कांग्रेस

फडणवीस के इस बयान पर राज्य में विपक्ष के नेताओं ने भी



प्रतिक्रिया दी. कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रवक्ता सचिन सावंत ने कहा, 'यह उन लोगों के लिए एक अप्रत्यक्ष संदेश है जो मुख्यमंत्री पद पर नजर गड़ाए हुए हैं.

सावंत ने कहा कि सीएम सीधे एकनाथ शिंदे (उपमुख्यमंत्री, महाराष्ट्र सरकार) से तो बोल नहीं सकते, इसलिए वह अप्रत्यक्ष रूप से यह बात कह रहे हैं. सावंत ने दावा किया कि सीएम अपनी पार्टी के उन लोगों को भी संकेत दे रहे हैं जो स्थिति पर नजर रखे हुए हैं. बता दें सीएम ने यह भी कहा था 'न तो कोई नया सहयोगी होगा और न ही मौजूदा सहयोगियों का चेहरा बदलेगा.'

### शिंदे और अजित के करीबियों का क्या है

अंग्रेजी अखबार इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार शिंदे सेना के एक नेता ने कहा कि राजनीति में कुछ भी हो सकता है. सब कुछ अनिश्चित है. एक दिन शिंदे सीएम जरूर बनेंगे. रिपोर्ट के अनुसार अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी के नेताओं ने कहा कि डिप्टी सीएम उर्जावान नेता हैं. वह सियासत में संख्या बल का महत्व समझते हैं. कोई भी दल जिसके पास बहुमत है, वह अपने सहयोगी दल को सीएम पद कैसे दे सकती है?

### NCP-SP ने भी दी प्रतिक्रिया

सीएम के हालिया बयान पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने भी प्रतिक्रिया दी थी. उन्होंने कहा था कि फडणवीस का बयान मुख्यमंत्री पद के दावेदारों एकनाथ शिंदे और अजित पवार के लिए उनका सपना चकनाचूर करने वाला संदेश है. उन्होंने कहा था कि दोनों उपमुख्यमंत्रियों की इस स्थिति को देखते हुए 'मक्खी मारने' का मुहावरा याद आ रहा है.

बीते कुछ समय से दावा किया जा रहा है कि फडणवीस, केंद्रीय राजनीति में जा सकते हैं. ऐसे में शिंदे और पवार दोनों के मन में मुख्यमंत्री पद को लेकर आकांक्षाएं जाग रहीं हैं. मुख्यमंत्री के इस बयान पर एक ओर जहां विपक्षी दल अपना पक्ष रख रहे हैं. वहीं शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित) में के नेताओं को उम्मीद है कि एक दिन परिस्थितियां बदलेंगी.

## पुलिस स्मृति दिवस पर विशेष हथियारों की प्रदर्शनी

**अंबरनाथ.** पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर, अंबरनाथ पुलिस स्टेशन द्वारा नागरिकों के लिए एक विशेष हथियार प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को पुलिस बल की कार्यप्रणाली और उनके द्वारा उपयोग किए जाने वाले नवीनतम हथियारों से अवगत कराना था.

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शब्बीर सैयद के मार्गदर्शन में यह प्रदर्शनी आयोजित की गई. इस अवसर पर सहायक उपनिरीक्षक जीतू चव्हाण ने नागरिकों को पुलिस बल द्वारा उपयोग किए जाने वाले विभिन्न हथियारों के प्रदर्शन के साथ-साथ विस्तृत जानकारी भी दी. इस प्रदर्शनी में नागरिकों को 9 एमएम पिस्तौल, कार्बाइन गन, एसएलआर राइफल, 12 बोर राइफल, गैस गन राइफल जैसे महत्वपूर्ण औजारों के साथ-साथ हथकड़ी और जिंदा कारतूसों के बारे में जानकारी दी गई. पुलिस बल के हथियारों को करीब से देखने के बाद नागरिकों ने इस पहल पर सहज प्रतिक्रिया दी. पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित इस प्रदर्शनी से नागरिकों को पुलिस के कार्य और उनकी तैयारियों के बारे में अधिक जानकारी मिली तथा अनेक लोगों ने पुलिस बल के कार्य पर गर्व व्यक्त किया.

### आम सूचना

मैं श्री कमल अम्बरतलाल लालवाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 603, राम दर्शन अपार्टमेंट, भारत चौक, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 14एआय015667500) उक्त प्रॉपर्टी श्री नरेश अम्बरतलाल लालवाणी और अन्य चार जनों ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 15.10.2025 सी.नं. 497/2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री कमल अम्बरतलाल लालवाणी**

### आम सूचना

मैं श्री नरेश अम्बरतलाल लालवाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 602, राम दर्शन अपार्टमेंट, भारत चौक, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 14एआय015667400) उक्त प्रॉपर्टी श्री कमल अम्बरतलाल लालवाणी और अन्य चार जनों ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 15.10.2025 सी.नं. 499/2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री नरेश अम्बरतलाल लालवाणी**

## अल्मोड़ा पहुंचीं उर्वशी रौतेला



■ जागेश्वर धाम में टेका माथा
■ पुजारी से कलाई पर बंधवाया रक्षा धागा
■ फैंस में सेल्फी की होड़ मची

बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला आज सुबह उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में स्थित प्रसिद्ध जागेश्वर धाम मंदिर पहुंचीं। यहां उन्होंने भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए और रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद लिया।

सुबह करीब 6:30 बजे अभिनेत्री मंदिर परिसर पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने मंदिर समूह की परिक्रमा की और पूजा-अर्चना में भाग लिया। पंडित हरीश भट्ट ने पूजा के बाद उन्हें रक्षा धागा भी बांधा।

उनके आगमन की सूचना फैलते ही मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों और पर्यटकों की भीड़ लग गई। कई श्रद्धालुओं ने उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं।

### मंदिर में करीब एक घंटा रुकीं अभिनेत्री

उर्वशी रौतेला ने जागेश्वर धाम में करीब एक घंटा पूजा-पाठ में बिताया। उन्होंने मंदिर समूह के सभी प्रमुख शिवलिंगों के दर्शन किए और शांति-सुख की कामना की। पूजा के बाद उन्होंने पुजारियों से मंदिर की ऐतिहासिक जानकारी भी ली।

### छात्र जीवन में भी कई बार आ चुकी हैं जागेश्वर धाम

गौरतलब है कि उर्वशी रौतेला का उत्तराखंड से गहरा जुड़ाव है। अल्मोड़ा जिले में पढ़ाई के दौरान वह कई बार जागेश्वर धाम आकर पूजा-अर्चना कर चुकी हैं। स्थानीय पुजारी बताते हैं कि अभिनेत्री भगवान शिव में गहरी श्रद्धा रखती हैं और हर बार यहां आकर रुद्राभिषेक अवश्य करती हैं।









यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099